BSNL Connecting India Faster

Press Media Communication Report

-From Public Relations Cell BSNL CO New Delhi

Publication:	राष्ट्रीय सहारा	Page No:	14
Place:	नई दिल्ली	Date:	8/3

बीएसएनएल-एमटीएनएल के विलय की योजना

दूरसंचार के विभाग के अफसरों ने शुरू किया विचार-विमर्श

नई दिल्ली (एसएनबी)। सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल व एमटीएनएल के विलय का प्रस्ताव एक बार फिर चर्चा में है। दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी फिर से इस बारे में विचार-विमर्श कर रहे हैं। अधिकारी घाटे में चल रही इन दो कंपनियों के समक्ष उपलब्ध विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि इस मुद्दे पर हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई जिसमें दोनों इकाइयों के विलय की संभावना पर चर्चा की गई। दूरसंचार क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण इन इकाइयों के सामने भारी वित्तीय दबाव है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि बीएसएनएल ने पहले चरण में गुड़गांव, नोएडा व फरीदाबाद में एमटीएनएल के मोबाइल परिचालन को लेने की इच्छा जताई है। इन इलाकों में बीएसएनएल की लैंडलाइन व ब्राडबैंड सेवाए हैं। अन्य विकल्प मुंबई व दिल्ली में एमटीएनएल के मोबाइल परिचालन का अधिग्रहण है। एमटीएनएल इन दो महानगरों में सेवाएं देती है जबकि शेष भारत में बीएसएनएल का परिचालन है।